आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक–21.06.2019

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी प्रोटोकाल के अनुरूप 21 जून, 2019 को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के सरस्वती प्रेक्षागृह प्रांगण में महाप्रबंधक श्री सुनीत शर्मा के नेतृत्व में अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य तरीके से आयोजन किया गया, जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के योग केंद्र से विशेष तौर पर आमंत्रित योग प्रशिक्षिका श्रीमती कृष्णा प्रिया एवं श्रीमती ज्योति मिश्रा के मार्गनिर्देशन में आरेडिका के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया ।

श्रीमती कृष्णा प्रिया ने प्रतिभागियों को योग आसन करवाते हुए हर आसन के लाभ बताते हुए बहुत ही ओजपूर्ण प्रवाह से इस योगाभ्यास शिविर का संचालन किया।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री अनूप कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी आलोक कुमार, पीसीएमएम श्रीकांत राय, पीसीईई एस के अग्रवाल, पीसीई आर. बी. यादव, सहित सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष अधिकारी और पर्यवेक्षक कर्मचारियों एवं महिला प्रतिभागियों सहित लगभग 700 लोगों ने इस कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लिया।

21/6

(आर. पी. शर्मा)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी